## NOTE FOR JUSTIFICATION FOR FOREST LAND

कार्य का नाम :– जनपद अल्मोड़ा विकास खण्ड द्वाराहाट के अन्तर्गत कोटिला ग्वाड़ मोटर मार्ग का सुरईखेत तक मिलान (लम्बाई 15.00 किमी0) ।

जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र द्वाराहाट के अन्तर्गत कोटिला ग्वाड़ मोटर मार्ग का सुरइखेत तक मिलान मोटर मार्ग का निर्माण प्रस्तावित है। मार्ग की कुल स्वीकृत लम्बाई 15.00 किमी0 है। इस मोटर मार्ग में पड़ने वाले ग्राम फल्द्वाणी, बजीना, बिठोली तल्ली एंव मल्ली गॉवों को मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिये यहाँ पर कोई भी लिंक मार्ग या सड़क मार्ग नहीं है जिससे यहाँ की जनता को अत्यधिक असुविधा का सामना करना पड़ रहा है, अतः उक्त मोटर मार्ग का निर्माण अति आवश्यक है। इस मोटर मार्ग के लिये 2 समरेखन निर्धारित किये गये थे :–

समरेखन–1 यह समरेखन कोटिला ग्वाड़ मोटर मार्ग के किमी0–3 के अन्त से प्रारम्भ होता है, जो बजीन फल्द्वाणी होते हुवे सुरईखेत में मिलेगा। इस समरेखन में ग्रेड सरल है तथा अधिक जनता को लाभान्वित करता है तथा इसमें आम लोगों की सहमति भी है तथा इस समरेखन में न्यूनतम वृक्ष एंव वन भूमि प्रभावित होती हैं। इस समरखेन के निर्माण से लागत भी कम आयेगी। इस समरेखन हेतु भू–गर्भवेत्ता द्वारा भी सहमति दी गई है।

समरेखन–2 यह समरेखन कोटिला ग्वाड़ मोटर मार्ग के किमी0–3 के अन्त से प्रारम्भ होता है, जो बजीन फल्द्वाणी होते हुवे सुरईखेत तक 15 किमी0 लम्बाई में जाता है। इस समरेखन में ग्रेड तीव्र है तथा अधिक वृक्ष एंव वन भूमि अधिक प्रभावित होती है। उक्त समरेखन में हेयर पिन बैण्ड भी आते हैं एंव आम लोगों की सहमति भी नहीं है। भू–गर्भवेत्ता द्वारा भी इस पर असहमति व्यक्त की गई है।

उपर्युक्त दोनों समरेखनों के अतिरिक्त अन्य और कोई विकल्प उपलब्ध नहीं है तथा समरेखन–1 में न्यूनतम वन भूमि प्रभावित होती है तथा वन भूमि के अतिरिक्त निर्माण हेतु कोई और विकल्प भी उपलब्ध नहीं है। अतः क्षेत्र की जनता को लाभान्वित करने हेतु परियोजना को वन भूमि में प्रस्तावित किया गया है।

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड,लो0नि0विभाग,
रानीखेत ।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड,लो0नि0विभाग,
रानीखेत ।